# संकुल बैठकों के लिए चर्चा पत्र

प्रतिमाह संकुल में होने वाली बैठकें एक दूसरे के अनुभवों से सीखने तथा सीखी बातों को अपनी कक्षा के संदर्भ में देखने और आजमाने का एक अच्छा अवसर देती हैं। नए सत्र की शुरुआत इस बार माह अप्रैल में हुई है। प्रवेशोत्सव आदि के बाद लगभग 20–22 दिन बच्चे हमारे साथ रहेंगे। फिर डेढ़ महीने का गर्मी का अवकाश होगा।

इस समय का ध्यान रखते हुए हम दो तीन कार्यों पर अपना ध्यान केंद्रित कर सकते हैं–

- अपने लिए वार्षिक कार्ययोजना बनाना।
- पाठ्यपुस्तक को एक महत्वपूर्ण साधन के रूप में देख पाने और उसका उपयोग कर पाने के लिए उसे ठीक तरह से समझना।
- बच्चे सीखने के किस स्तर पर हैं, इसका आकलन करना।
- बच्चे गर्मियों की छुट्टी का उपयोग कुछ नया करने और सीखने के लिए कर सकें, उन्हें ऐसे अवसर देना।

'' सीखना तब ज्यादा प्रभावी और स्थायी होता है जब सीखने वाला स्वयं सीखने की प्रक्रिया में सक्रियता और रुचि के साथ संलग्न हो। '' अपनी वार्षिक कार्ययोजना बनाते समय इस तथ्य का ध्यान रखते हुए ऐसी गतिविधियाँ चुनें जो बच्चों को ज्यादा सक्रिय रख सकें।

अनेक कार्यक्रमों में शिक्षकों से हुई चर्चाओं से यह बात समझ में आती है कि कक्षा में किताबों का उपयोग उपयुक्त तरीके से नहीं हो पाता। प्रत्येक पाठ्यपुस्तक के आरंभ में किताबों एवं उसके विषय पर कुछ बातें लिखी गई हैं, यथा "प्राक्कथन", "शिक्षकों के लिए" "पाठ्यवस्तु में निहित कौशल" आदि। यदि इन्हें पढ़कर हम आपस में चर्चा करें तो पुस्तकों को देखने का नया दृष्टिकोण विकसित होगा। हम पुस्तक की विशेषताओं और उसके उपयोग के तरीकों को अधिक अच्छी तरह समझ पाएँगे।

बच्चों के साथ किसी नई कक्षा में काम शुरू करने के पहले यह जान लेना बहुत जरूरी है कि वे गणित भाषा एवं अन्य विषयों में किस स्तर पर हैं, जैसे क्या वह पैराग्राफ पढ़ कर उसका अर्थ समझ जाता है, क्या वह केवल वाक्य पढ़ सकता है या अभी केवल अमुक–अमुक भाषाओं वाले शब्द पढ़ पाता है आदि। इसी तरह गणित, अँग्रेजी या पर्यावरण विषय पर वह क्या–क्या जानता है।

बच्चे के बारे में यह जानकारी होने का बड़ा फायदा होगा इससे हमें यह तय करने में मदद मिलेगी कि किसी कक्षा में हम अपने विषय की शुरूआत कहाँ से करें। कोई बच्चा या बच्ची अपने सहपाठियों से बहुत पीछे है तो हम कैसे उसकी मदद करें यह समझ भी अच्छे कक्षा–कार्य के लिए जरूरी है।

अप्रैल माह में अलग–अलग कक्षाओं में अलग–अलग विषयों पर बच्चों के साथ जिन पाठों पर काम हुआ है तथा जून–जुलाई में जिन पाठों पर उनके साथ काम किया जाना है उनसे संबंधित कुछ आसान और मजेदार प्रोजेक्ट–वर्क बच्चों को तीन–तीन, चार–चार के समूह में मिलकर करने को दिए जाएँ। इन्हें करते हुए बच्चे व्यस्त भी रहेंगे, कुछ नया सीखेंगे भी।

आपकी सहायता के लिए कुछ प्रोजेक्ट वर्क सुझाए जा रहे हैं। आप इस पर अपने साथियों से चर्चा कर लें। यदि आपको कुछ बदलाव की आवश्यकता महसूस होती है तो ऐसा कर लें। छुट्टी पर जाने से पहले बच्चों को प्रोजेक्ट बाँट दें। उन्हें एक बार ठीक–ठीक बता दें कि उन्हें करना क्या है।

अच्छा होगा दो–चार प्रोजेक्ट तैयार कर आप उन्हें दिखा दें।

आशा है कि मध्य जून तक सभी शालाओं में पाठ्यपुस्तकें पहुँचा दी जाएँगी। यदि किन्ही कारणों से आपके वहाँ किताबें न पहुँच पाई हों तो बच्चों के पास उपलब्ध पुरानी किताब की सहायता से अध्यापन कार्य आरंभ किया जा सकता है।

# प्रोजेक्ट
## विषय – गणित
### कक्षा 1, 2

(पाँच–पाँच बच्चों के समूह बनाइए। प्रत्येक समूह को कोई एक या दो काम दें। उनसे से कहें कि वे अपना काम करने के लिए अन्य बड़े बच्चों की मदद ले सकते हैं।)

- विद्‌यार्थी अपने आसपास से बीज, पुराने बटन, मोती लगभग एक जैसे आकार के कंकड़, गिट्‌टी आदि इकट्‌ठा करें।
- अलग–अलग लंबाई और आकृति वाली कुछ पत्तियाँ इकट्‌ठी करें।
- अपने घरों में या आसपास बेकार पड़ी चीजों में से कुछ चीजें इकट्‌ठी करें जैसे माचिस की डिब्बी, शीशियों के ढक्कन, खाली पेन, पाइप के टुकड़े, पासे, डिब्बे, छोटी शीशियाँ, तथा टूथपेस्ट, बल्ब, दवाई आदि के खाली पड़े गत्ते के डिब्बे आदि।
- अलग–अलग आकार की शीशियाँ लें। कोई एक छोटा ढक्कन चुन लें। ढक्कन में पानी भर–भरकर किसी एक शीशी को भरें। ऐसे ही अन्य शीशियों को भरें। देखें किसमें ज्यादा ढक्कन पानी आया। पानी के बदले रेत लेकर भी यह काम कर सकते हैं।
- पुराने कैलेण्डर देखकर अंग्रेजी महीनों के नाम लिखें। उनके सामने लिखें कि इन महीनों में कितने–कितने दिन हैं।
- सप्ताह में दिनों के नाम लिखें।

### कक्षा 3, 4, 5

- विद्‌यार्थी अपने घर में कुछ चौकोन चीजें ढूंढें जैसे– खाट, टेबिल, चौखट, संदूक आदि। इनकी लंबाई, चौड़ाई और ऊँचाई बित्ते से नापकर लिखें।
- यही काम स्केल पट्‌टी की मदद से करें और माप सेन्टीमीटर में लिखें।
- एक खिलौना तराजू बनाएँ। कुछ कंचे लें। इन्हें बाँट की तरह उपयोग करते हुए कुछ छोटी–छोटी चीजों का वजन निकालें।
- एक से तीस तक की संख्या क्रम से इस प्रकार लिखें –

| | | |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 4 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 9 |
| 10 | 11 | 12 |
| 13 | 14 | 15 |
| 16 | 17 | 18 |
| 19 | 20 | 21 |
| 22 | 23 | 24 |
| 25 | 26 | 27 |
| 28 | 29 | 30 |

अब एक और दो की लाइन को काट दें।
तीसरी लाइन तीन का पहाड़ा बन गई।
अब ऐसे ही चार और पाँच का पहाड़ा बनाएँ।

दवा की शीशियों के ऐसे ढक्कन ढूंढें जिसमें मिलीलीटर के निशान बने हों। अब कुछ पुराने डिब्बे, शीशियाँ, कप जैसे बर्तनों में ढक्कन से पूरा–पूरा पानी भरें। एक सूची बनाएँ किसमें कितना मिलीलीटर पानी आया।

- माचिस के एक जैसे खाली डिब्बे इकट्‌ठे करें। इन्हें किताब, कॉपी, स्लेट या ऐसी ही किसी और चीज पर सटा–सटा कर जमाएँ। उस सतह को पूरा–पूरा ढँकने में कुल कितने माचिस के डिब्बों की जरूरत पड़ी ?

## कक्षा 6, 7 एवं 8

1. अपनी सभी विषयों की पुस्तकों की लंबाई और चौड़ाई नापें तथा बताएँ कि कौन सी पुस्तक मेज पर सबसे अधिक स्थान घेरती है।
2. अपनी कक्षा की लंबाई और चौड़ाई माप कर परिमाप ज्ञात करें।
3. एक कागज लें एवं उसे दो समान भागों में मोड़े। एक आधे भाग पर स्याही या रंग की कुछ बूंदें डालें। दूसरे भाग को मोड़ कर पहले भाग पर रखकर दबाएँ। अब इनका सममिति अक्ष खींचें।
4. चाँदे और स्केल की सहायता से 60 अंश, 120 अंश, 180 अंश और 90 अंश का कोण बनाएँ। अब यही कोण परकार और स्केल की सहायता से बनाएँ। समान माप के कोणों को मिलाकर देखें।
5. एक न्यून कोण बनाएँ। उसे परकार की सहायता से समद्विभाजित करें। बने हुए कोणों को चाँदे से नापें और उनकी माप लिखें।
6. एक निश्चित लम्बाई का रेखाखण्ड खींचें। परकार और स्केल की सहायता से इसे समद्विभाजित करें। प्रत्येक भाग को नापें।

––– 00 –––

# प्रोजेक्ट्
## पर्यावरण अध्ययन

### कक्षा 3,4,5

हम सभी जानते हैं कि बच्चों में अत्यधिक ऊर्जा होती है। आवश्यकता इस बात की है कि इस ऊर्जा का उपयोग सकारात्मक कार्यों के लिए किया जाए। उन्हें अधिक से अधिक ऐसे अवसर दिए जाएँ कि वे स्वयं तथा समूह में अपने आस–पास खोज–बीन करें, कुछ नया बनाएँ, कुछ पुरानी बातों की जाँच–पड़ताल करें। सुझाव के रूप में कुछ प्रायोजनाएँ दी गयी हैं। इन पर संकुल बैठकों में चर्चा करें तथा समूह में बनी साझी समझ के अनुसार बच्चों को सहयोग करें।

सत्र के प्रारंभ में निम्नलिखित बिंदुओं को ध्यान में रखा जाना उचित होगा–

- पर्यावरण अध्ययन के पाठ्यक्रम का अवलोकन कर इसके प्रमुख विषय–वस्तु (Themes) पर आपस में चर्चा करें । प्रमुख विषय वस्तु इस प्रकार हैं–रिश्ते–नाते, भोजन, पानी, त्यौहार ,स्वास्थ्य और स्वच्छता, पौधे, जीव–जन्तु, आवास, नक्शा व माप, खेल, यात्रा आदि।
- इनके साथ ही पर्यावरण अध्ययन की पाठ्यपुस्तकों में '' शिक्षकों के लिए'' एवं '' पाठ्यवस्तुओं में निहित कौशलों'' शीर्षक से कुछ पृष्ठ दिए गए हैं। कृपया इन्हें पढ़ें एवं इन पर एक बार फिर से आपस में चर्चा करें। इससे विषय से संबंधित सीखने–सिखाने की प्रक्रिया को बाल केंद्रित एवं कक्षा को सक्रिय कक्षा का स्वरूप प्रदान करने में मदद मिलेगी।

विद्यार्थियों को ग्रीष्म अवकाश में निम्नलिखित प्रायोजनाओं पर कार्य करने के अवसर उपलब्ध कराएं।

### कक्षा–3

1. विद्यार्थी अपने आस–पास पाए जाने वाले जानवरों/पक्षियों के नाम लिखें। वह ऐसे किसी एक जानवर/पक्षी का चित्र अपनी कॉपी में बनाएँ जो उसको बहुत पसंद हो तथा उसके विभिन्न अंगों के नाम भी लिखें।
2. विद्यार्थी अपने आस–पास पाए जाने वाले किन्हीं 5 पौधों की एक–एक पत्ती इकट्ठी करें। जहाँ तक संभव हो पौधों से अलग होकर नीचे गिरी हुई पत्तियाँ ही इकट्ठी करें। इन पत्तियों का अवलोकन करें एवं वह निम्न सारणी को भरें –

| कमांक | पत्ती का आकार | वह स्थान जहाँ से पत्ती प्राप्त हुई | पत्ती का उपयोग |
|---|---|---|---|
| 1 | | | |
| 2 | | | |

इसके बाद पत्तियों को सावधानीपूर्वक पुराने अखबारों या पुरानी कॉपी के पन्नों के अन्दर रख कर सुखा लें।

- किसी पुरानी कॉपी में इन्हें गोंद या गोंद जैसे पदार्थों की मदद से चिपका कर इन पत्तियों का संग्रह करें।
- कक्षा में अपने संग्रह को प्रत्येक विद्यार्थी अपने साथियों के साथ साझा कर चर्चा करें ।
- किसी एक पत्ती का चित्र बनाएँ ।

3. विद्यार्थी किसी एक पौधे का ध्यानपूर्वक अवलोकन कर उसका चित्र बनाएँ एवं उसके विभिन्न भागों के नाम लिखें।

**कक्षा–4**

1. विद्यार्थी अपने परिवार का पारिवारिक वृक्ष बनाएँ ।
2. विद्यार्थी अपने घर पर जमीन या गमले में एक पौधा लगाएँ। इस कार्य में वह बड़ों की मदद भी ले सकता है। इस पौधे की देखभाल के लिए उसने क्या–क्या किया, लिखे एवं कक्षा में इस पर चर्चा भी करे।
3. पौधों तथा मानव जाति में क्या समानताएँ तथा क्या अंतर हैं? पौधों से मानव जाति को क्या लाभ हैं, यह भी विद्यार्थी लिखे।

**कक्षा– 5**

1. विद्यार्थी अपने आस–पास प्रचलित एक लोकगीत व एक कहानी का पता लगा कर अपनी कॉपी में लिखें। समय–समय पर कक्षाओं में इसे सुनाएँ। विद्यार्थी उक्त लोकगीत व कहानी में निहित संदेश अपनी कॉपी में लिखे।
2. विद्यार्थी आस–पास पाई जाने वाली कोई पाँच चीजों (जैसे–नमक, शक्कर, मिट्टी, रेत, दूध, कोई भी तेल, गुड़) को इकट्ठा करे तथा उन्हें पानी में घोल कर देखे कि वह पानी में घुला है या नहीं। इसके बाद इसे अपनी कॉपी में लिखे।
3. अप्रैल से लेकर जुलाई माह तक विद्यार्थी कौन–कौन से त्यौहार मनाता है। वह अपने परिवार तथा पड़ोस के किसी परिवार से बात–चीत कर देखे कि क्या दोनों परिवार एक जैसे त्यौहार ही मनाते हैं या अलग–अलग और दोनों परिवारों के किसी एक त्यौहार को मनाने के तरीके को लिखें।

––– 00 –––

## प्रोजेक्ट
## विज्ञान

**कक्षा 6**

1. पानी को पीने योग्य बनाने के नए तथा पुराने तरीकों का संकलन पत्र–पत्रिकाओं, परिवार तथा समुदाय के सदस्यों तथा इंटरनेट आदि की सहायता से करें –
   - इन तरीकों में अशुद्धियों के पृथक्करण के लिए किन–किन विधियों का उपयोग किया गया है?
   - पृथक्करण की इन विधियों का मूल आधार क्या है? (जैसे–छानने का मूल आधार–कणों के आकार में अंतर, कणों का विलेय/अविलेय होना आदि)
   - शुद्धीकरण हेतु प्रयोग में लाए जाने वाले किन्हीं दो रासायनिक पदार्थो के विषय में और अधिक जानकारी प्राप्त कर अपनी पुस्तिका में लिखें।
   - यह भी विचार करें कि क्या पुरानी विधियों के आधार पर ही नई विधियों का विकास हुआ है?
   - उपरोक्त बिन्दुओं का समावेश कर प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करें।

2. अपने आस–पास के किसी बगीचे/खेत/मैदान का अवलोकन कीजिए तथा वहाँ पाई जाने वाली दो खाद्य श्रृंखलाओं को पहचानिए–
   - इन खाद्य श्रृंखलाओं के चित्र अपनी कॉपी में बनाएँ।
   - क्या आप भी किसी खाद्य श्रृंखला में आते हैं?
   - यदि किसी खाद्य श्रृंखला के बीच की एक कड़ी को हटा दिया जाए तब पर्यावरण पर क्या प्रभाव पड़ेगा?
   - उपरोक्त बिन्दुओं का समावेश कर प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करें।
3. कक्षा छठवीं अध्याय 6 मापन में 'इन्हें भी कीजिए' क्रमांक–3 पर दी गई गतिविधि ''किसी ऊँचे पेड़ की ऊँचाई नापें'' को पुस्तक में दिए गए निर्देशों के अनुसार किसी पेड़ की ऊँचाई नाप कर प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करें।
4. विभिन्न प्रकार के बीज एकत्रित कर छोटे–छोटे पैकेट्स में रखें तथा उन्हें प्रोजेक्ट पुस्तिका में लगाकर उनके नाम व उपयोग लिखें।
5. अपने आस–पास/पत्र–पत्रिकाओं/इंटरनेट से कुछ जन्तुओं पौधों/वृक्षों/लताओं के चित्र खोजकर आवास एलबम तैयार कीजिए, जिसमें उनके नाम, आवास तथा विशेषताएँ भी लिखिए। (संकेत–वन/पर्वतीय क्षेत्र/मरुस्थल/समुद्र/अन्य स्थानों पर पाए जाने वाले पौधे एवं जंतु)

## कक्षा 7

1. अपने आस–पास के पाँच परिवारों से साक्षात्कार लेकर जानकारी प्राप्त करें कि–
   - परिवार की आवश्यकतापूर्ति किन–किन जल स्रोतों से हो रही है?
   - प्रतिदिन पीने तथा अन्य कार्यों के लिए लगने वाले जल की लगभग मात्रा कितनी है?
   - प्रतिदिन प्रत्येक व्यक्ति को लगने वाले जल की मात्रा कितनी है?
   - जल की बर्बादी रोकने के लिए परिवार द्वारा क्या–क्या प्रयास किये जा रहे हैं?

   उपरोक्त बिन्दुओं के आधार पर प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करें।

2. आपके क्षेत्र में पाई जाने वाली 5 हरी–भाजियों, 5 फूलों को एकत्र कर उन्हें सुखाकर अपनी प्रोजेक्ट पुस्तिका में चिपकाएँ तथा उनका विवरण निम्नानुसार लिखें –
   - सब्जी/फूल का नाम (नाम पता न हो तो परिवार/पत्र–पत्रिकाओं/इंटरनेट की मदद लें)
   - उस सब्जी/फूल का संक्षिप्त विवरण लिखें–आपने इस सब्जी/फूल का चयन क्यों किया,यह किस मौसम में लगता है,अन्य विशेषताएं जो आप बताना चाहें।
   - सब्जी/फूल का चित्र बनाए।

   उपरोक्त बिन्दुओं का समावेश कर प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करें।

3. दो एक समान प्लास्टिक की बोतलें लीजिए। दोनों के मुँह पर समान आकार का एक–एक गुब्बारा बांध दीजिए। अब किसी एक दिन सुबह लगभग 9 बजे एक बोतल को धूप में और दूसरी को अन्दर कमरे में ऐसे स्थान पर रखें जहां धूप न आए। प्रत्येक घंटे अपने अवलोकन को कॉपी में नोट करें।
   - धूप तथा छाया में रखी बोतलों के गुब्बारों के आकार में सबसे ज्यादा अंतर कब दिखायी दिया।
   - इस अंतर का क्या कारण है?
   - धूप में रखी बोतल के गुब्बारे के आकार में क्रमशः होने वाले परिवर्तन को लिखिए।
   - इस परिवर्तन का क्या कारण है?(क्या इसमें ऊष्मा द्वारा हवा के प्रसार की कोई भूमिका है?)
   - आप इस प्रयोग को अन्य दिनों में भी दोहरा सकते हैं जैसे–जिस दिन बादल छाए हों , जिस दिन बारिश हो रही हो आदि।

   उपरोक्त बिन्दुओं का समावेश कर प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करें।

4. मूंग/चने के कुछ सूखे बीजों को पानी में डालकर एक दिन छोड़ दें। अगले दिन पनी को पूरी तरह से निकालकर बीजों को गीले कपड़े में लपेटकर रख दें। ध्यान रहे कपड़ा सूखने न पाए –
   - बीजों में होने वाले परिवर्तनों की अपनी कॉपी में नोट करें।
   - भली प्रकार अंकुरित 5 बीजों के अंकुरों की लम्बाई प्रतिदिन धागे से नापें/लम्बाई नापते समय ध्यान रखें कि अंकुर न टूटें।
   - क्या सभी बीजों में एक समान परिवर्तन हो रहे हैं।
   - ग्राफ पेपर पर पाँचों अंकुरों की लम्बाई का ग्राफ बनाएं।

## कक्षा– 8

1. अपने आस–पास के किसी छोटे पौधे (लगभग 6''–12'' ऊँचाई) का चयन करें। यह आपका मित्र पौधा है, जिसकी सुरक्षा तथा पानी देने आदि की जिम्मेदारी भी आपकी ही है।
   - इस पौधे की लम्बाई, चयन वाले दिन नोट करें।
   - अब हर सातवें दिन लगातार 5 सप्ताह इसकी लम्बाई नोट करें।
   - आपके मित्र पौधे में होने वाली परिवर्तन (पत्तियों की संख्या, आकार, में होने वाले परिवर्तन अथवा अन्य कोई अवलोकन जो आपने देखा है) को लिखें।
   - मित्र पौधे के साथ आपके भावनात्मक लगाव को लिखें।
   - आपके मित्र की लम्बाई में होने वाले परिवर्तन को ग्राफ पेपर पर दर्शाएं।
   - उपरोक्त बिन्दुओं का समावेश कर प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करें।

2. अपने सूचक स्वयं बनाएँ –
   (क) हल्दी का पानी में गाढ़ा घोल बनाकर कागज पर उसका लेप लगाकर सुखा लें और उसकी लम्बी–लम्बी पट्टियां काट लें और इनका उपयोग सूचक पत्र की तरह करें।
   (ख) गुड़हल/लाल गुलाब या अन्य किसी फूल की पंखुड़ियाँ कागज पर रगड़कर सुखा लें और उसकी पट्टियों का उपयोग सूचक पत्र की तरह करें।
   (ग) इमली का घोल, खाने का सोडा, नींबू का रस, दूध (जो भी पदार्थ सरलता से उपलब्ध हो) की एक–एक बूंद दोनों सूचक पत्रों पर डालकर होने वाले रंग परिवर्तन नोट करें तथा उनकी अम्लीयता, क्षारीयता की पहचान कर प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाएँ।

3. अध्याय–9 'प्रकाश का अपवर्तन' के क्रियाकलाप–9 के अनुसार वाटर लेंस सूक्ष्मदर्शी बनाएँ।
   - आपके द्वारा तैयार किया गया लेंस किस प्रकार का है उत्तल या अवतल।
   - इस लेंस से वस्तु का लगभग कितने गुना बड़ा प्रतिबिम्ब आप देख सके?
   - लेंस द्वारा बनने वाले प्रतिबिम्ब का रेखाचित्र बनाएँ।
   - निर्माण विधि तथा उपरोक्त बिन्दुओं का समावेश कर प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करें।

4. कृषि में उपयोग आने वाले उपकरणों के चित्र एकत्र कीजिए। उन्हें अपनी प्रोजेक्ट कॉपी में लगाकर उनके नाम व उपयोग लिखिए।

––– 00 –––

# प्रोजेक्ट कार्य
## हिन्दी

### कक्षा 1, 2

- विद्यार्थी अपने दादी/नानी या अन्य किसी रिश्तेदार से कहानी सुनकर आएँ।
- बिंदी डालकर रंगोली बनाएँ तथा उसमें रंग भरकर लाएँ।
- मिट्टी के खिलौने एवं अपने घर का चित्र बनाकर लाएँ।
- अपने 10 रिश्तेदारों की सूची बनाकर उनके नाम लिखकर लाएँ। जैसे–

| क्र. | रिश्तेदार | रिश्तेदार का नाम |
|---|---|---|
| 1 | दादा | माखन लाल |
| 2 | दादी | जमुना देवी |
| 3 | | |

- अपने घरों में पाए जाने वाले सामानों की सूची सारणीनुसार बनाएँ –

| क्र | लकड़ी के सामान | लोहे के सामान | इलेक्ट्रिक के सामान | प्लास्टिक के सामान |
|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | |
| 2 | | | | |
| 3 | | | | |
| 4 | | | | |

- जंगल का चित्र बनाकर लाएँ।

### कक्षा 3

- विद्यार्थी अपने घर या घर के आसपास जिन फूलों को देखते हैं उनकी सूची बनाकर लाएँ।
- अपने घर और स्कूल में विद्यार्थी बहुत सी बातें सीखते हैं। नीचे दिए गए खाने में 5–5 सीखी हुई बातें लिखें।

| क्र | घर में सीखी हुई | स्कूल में सीखी हुई |
|---|---|---|
| 1 | | |
| 2 | | |
| 3 | | |
| 4 | | |

- यदि किसी दिन सूरज न निकले तो कौन –कौन से कार्य नहीं कर सकते, लिखें।

### कक्षा 4

- सूर्य, चंद्रमा और तारे ये आकाश में दिखाई देते हैं किन्तु इनमें क्या अंतर है चित्र बनाकर स्पष्ट करें।
- समान उच्चारण वाले शब्दों की सूची बनाएँ जैसे – गुणवत्ता, निर्मलता, सफलता
- किसी जगह पर पिकनिक जाने के लिए हमें क्या–क्या सावधानियाँ रखनी चाहिए?

- अपने गांव या शहर के पास स्थित किसी दर्शनीय स्थल के बारे में निम्न बिंदुओं में जानकारी एकत्रित करें –
  - – दर्शनीय स्थल का नाम
  - – दर्शनीय स्थल कहाँ स्थित हैं?
  - – दर्शनीय स्थल से संबंधित कोई किवदंती
  - – दर्शनीय स्थल की विशेषताएँ

## कक्षा 5

- राष्ट्रप्रेम से संबंधित स्लोगन (नारे) लिखकर लाएँ।
- सैनिकों के बारे में क्या–क्या जानते हैं लिखें।
- विद्यार्थी जहाँ रहते हैं वहाँ कौन–कौन से वृक्षों की पूजा की जाती है और क्यों, कारण ढूढंकर लिखें।

## कक्षा 6

- अपने क्षेत्र के कुछ शहीदों के बारे में जानकारी एकत्रित कर उनके बारे में लिखें। उनके चित्र भी एकत्रित करें।
- जानवरों से संबंधित मुहावरों को एकत्रित करें एवं अपनी बातचीत में उसका उपयोग करने का प्रयास करें।
- यदि विद्यार्थी कहीं जा रहे हों और उन्हें रास्ते में कोई घायल व्यक्ति पड़ा दिख जाए तो वे उसके लिए क्या–क्या कार्य करेंगे?
- राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी का सर्वधर्म पर आधारित भजन लिखकर लाएँ।
- पश्चाताप या क्षमा पर एक कहानी लिखें।
- जमींदार फसल और जमीन पर लगान वसूल करते थे। यह लगान एक प्रकार का कर होता था। विद्यार्थी कितने प्रकार के करों के बारे में जानते हैं, उनकी सूची बनाएँ?

## कक्षा 7

- विद्यार्थी पता करें और लिखें कि सैनिक देश की रक्षा के लिए क्या–क्या करते हैं?
- देश के किसी एक क्रांतिकारी का चित्र ढूँढकर उनके बारे में लिखें।
- अपने गाँव या शहर में सार्वजनिक हित के लिए किए गए कार्यों का पता लगाकर और उसके बारे में लिखें?
- अपने मित्रों या घर के सदस्यों से चर्चा करें कि किस प्रकार उन्होंने कभी किसी जरूरतमंद की मदद की है। इस पर एक लेख लिखें ।
- अपने घर के सदस्यों से पता कर लिखें कि वे वर्षा ऋतु आने के पहले क्या–क्या तैयारियाँ करते हैं।
- वर्षा. ऋतु के दृश्य को याद कर एक चित्र बनाएँ। उस पर चार लाइन की कविता लिखें।

## कक्षा 8

- प्रातः पाँच बजे उठकर पूर्व दिशा को देखें उस समय आपको क्या महसूस होता है अपने शब्दों में लिखिए।
- यदि हम परतंत्र ही रहते तो हमारी आज क्या स्थिति होती? हमें स्वतंत्र कराने के लिए किन – किन लोगों ने योगदान दिया है उनकी एक सूची बनाएँ।

- बोलना भी एक कला है इस पर अपने विचार लिखें। कड़वी बातों ने संसार में न जाने कितने झगड़े पैदा किए है इस वाक्य पर किसी घटना का जिक्र विस्तार से लिखें।
- तैमूर लंग कौन था जानकारी एकत्रित कर इस पर लिखें।
- रेल या बस मे की गई यात्रा पर अपने संस्मरण लिखें।

––– 00 –––

## प्रोजेक्ट कार्य
## अँग्रेजी

### कक्षा 1, 2

(1) बैठक में उपस्थित शिक्षकों को निम्नानुसार निर्देश दें :–

मैं किसी भी एक व्यक्ति का नाम सोचूंगा। आप सब को अनुमान (guess) लगाना है कि उस व्यक्ति का नाम क्या है। Guess करने के लिए आपको ऐसे संरचना वाले वाक्यों का उपयोग करना है :

1. Is it + (<u>name of person</u>)?

Example:-

Is it <u>Mr. Ram Markam?</u>

Is it <u>Ms. Meena Sahu?</u>

2. Is that person + (a/an <u>name of profession / the +name of post</u>) <u>?</u>

Example:-

Is that person <u>a cricketer</u>?

Is that person the <u>Chief Minister of Chhattisgarh</u>?

आपको इन प्रश्नों का उत्तर मात्र Yes/No में देना है। बैठक में उपस्थित सभी शिक्षकों को उपरोक्तानुसार प्रश्न पूछने को प्रोत्साहित करें। प्रश्नों को तब तक आमंत्रित करें, जब तक आपको सही उत्तर न मिले।

(2) शिक्षकों से कहें कि वे बारी–बारी से किसी व्यक्ति का नाम सोचें एवं अन्य सभी शिक्षक उस व्यक्ति का नाम guess करें।

(3) शिक्षकों को ग्रुप में बाँटकर उक्त गतिविधि पर game कराएँ व points दें।

### <u>Points to Ponder (विचार हेतु बिंदु)</u>

1. उक्त क्रियाकलाप का उद्देश्य क्या है? चर्चा करें

अपेक्षित उत्तरः

(i) आंग्ल भाषा में अनुमान (guess) को व्यक्त करने का अभ्यास होगा।

(ii) आंग्ल भाषा में बोलने का अभ्यास होगा।

(iii) आंग्ल भाषा में संप्रेषण करने का आत्मविश्वास दृढ़ होगा।

(iv) वाक्य संरचना is it a + (name of post/name of profession ) का संप्रेषण हेतु उपयोग का अभ्यास होगा।

Note : उपरोक्त अपेक्षित उत्तर के अतिरिक्त विभिन्न प्रकार के उत्तर हो सकते हैं।

2. उक्त क्रियाकलाप को आप कौन सी कक्षा में कराना उपयुक्त समझते हैं?
3. उक्त क्रियाकलाप करते हुए आपको किन समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है? उनके क्या उपाय हो सकते हैं?
4. उक्त क्रियाकलाप में आप क्या परिवर्तन करना चाहेंगे?

**June 2016**

**Describing**

Draw the grid (तालिका) given below on the blackboard. Write the heading. Details न भरें।

| Animal | Description | | |
|---|---|---|---|
| | Size | Colour | Touch |
| | | | |

*Hints: long, small, big, cool, wet, smooth, hard, soft, blue, green, yellow, grey, silver, orange etc.*

शिक्षकों से कहें कि वे किसी भी animal का नाम first column में लिखें व उसे describe (वर्णन) करने हेतु उपयुक्त adjective (विश्लेषण) उपयुक्त कॉलम में लिखें। Ask the teacher to complete the grid on the blackboard.

## Points to Ponder (विचार हेतु बिंदु)

1. उक्त क्रियाकलाप के उद्देश्य क्या हैं? चर्चा करें।

   अपेक्षित उत्तरः

   (i) आंग्ल भाषा में description (वर्णन) को व्यक्त करने का अभ्यास होगा।

   (ii) आंग्ल भाषा में बोलने/लिखने का अभ्यास होगा।

   (iii) आंग्ल भाषा में संप्रेषण करने का आत्मविश्वास दृढ़ होगा।

   (iv) Vocabulary (adjectives) हेतु practice होगा।

   Note : उपरोक्त अपेक्षित उत्तर के अतिरिक्त विभिन्न प्रकार के उत्तर हो सकते हैं।
2. उक्त क्रियाकलाप को आप कौन सी कक्षा में कराना उपयुक्त समझते हैं?
3. उक्त क्रियाकलाप करते हुए आपको किन समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है? उनके क्या उपाय हो सकते हैं?
4. उक्त क्रियाकलाप में आप क्या परिवर्तन करना चाहेंगे?

**Discussion Paper for Middle School Teachers (CAC Meeting)**

**April 2016**

**Dictation**

**Step-1 Give a dictation of the given words.**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. audience | 7 garbage | 13 beautiful | 19 young | 25 puzzle |
| 2. busy | 8 exhibition | 14 marble | 20 through | 26 rough |
| 3. buy | 9 impress | 15 tidy | 21 measure | 27 surprise |
| 4. but | 10 float | 16 unique | 22 nursery | |
| 5. bull | 11 high | 17 vegetables | 23 occasion | |
| 6. envelope | 12 innocent | 18 waste | 24 property | |

**Step-2 Get the teachers to exchange their dictation work.**
**Step-3 Give the correct spellings on the blackboard or read out the correct spellings.**
**Step-4 Discuss why even teachers make spelling mistakes while writing in English.**

***Note: Most of these words are from the textbooks of classes 6 to 8.***

## Points to Ponder (विचार हेतु बिंदु)

1. उक्त क्रियाकलाप के उद्देश्य क्या हैं? चर्चा करें ।

   अपेक्षित उत्तरः

   (i) आंग्ल भाषा की (Spelling System) पर चिंतन होगा।

   (ii) Spelling सीखने में आने वाली चुनौतियों के बारे में चर्चा होगा।

   Note :- उपरोक्त अपेक्षित उत्तर के अतिरिक्त विभिन्न प्रकार के उत्तर हो सकते हैं।

2. बच्चों को English words के spelling सिखाने के क्या तरीके होते हैं? चर्चा करें।

3. (i) Discuss the different pronunciations for 'u' in 'busy', 'buy', 'but', 'bull' and 'uniform'. Did you know that 'bury' is pronounced just like 'berry'?

   (ii) बारह खड़ी के माध्यम से English words के spelling सिखाना कितना उपयुक्त है? चर्चा करें।

4. English words के spelling सिखाने के लिए विभिन्न exercise पर discussion करें।

**June 16**

**Discussion**

News Headlines: **'Government to end no detention policy for class 5 & class 8.**

(सरकार द्वारा पांचवी और आठवी कक्षा में अनुत्तीर्ण नहीं करने की नीति)

Give your comments (in at least one sentence) about the decision.

Note: The discussion should be held in English.

## Points to Ponder (विचार हेतु बिंदु)

1. उक्त क्रियाकलाप के उद्देश्य क्या हैं? चर्चा करें ।

   अपेक्षित उत्तरः

   (i) आंग्ल भाषा में चर्चा (discussion) करने का अभ्यास होगा।

   (ii) आंग्ल भाषा में संप्रेषण करने का आत्मविश्वास दृढ़ होगा।

   **Note :-** उपरोक्त अपेक्षित उत्तर के अतिरिक्त विभिन्न प्रकार के उत्तर हो सकते हैं। उनके क्या उपाय हो सकते हैं?

2. उक्त क्रियाकलाप में आप क्या परिवर्तन करना चाहेंगे?

CACs कृपया इस चर्चा पत्र के संबंध में निम्नालिखित बिंदुओं पर अपनी Feedback scertcg@gmail.com में भेजें:

(1) क्रियाकलापों के उद्देश्यों के संबंध में शिक्षकों ने क्या उत्तर दिया।

(2) दिए गए क्रियाकलापों के संबंध में शिक्षकों ने क्या सुझाव दिए।

(3) चर्चा पत्र को बेहतर करने हेतु सुझाव दें।